राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(महात्मा गांधी नरेगा, अनुभाग–3)

क्रमांकः एफ 1(2)ग्रावि/नरेगा/मार्गदर्शन/2020 पार्ट–3/00975 16507 जयपुर, दिनांक 03 JUL 2024

जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना राजस्थान,
समस्त राजस्थान।

विषय :– एक वर्ष में न्यूनतम 90 दिवस कार्य करने वाले मनरेगा श्रमिकों को श्रम कार्ड जारी कराने के संबंध में।

प्रसंग :– प्रमुख सचिव माननीय राज्यपाल, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक प. 38(2)(4)/राभ./टी.डब्ल्यू.सी/2024/3415 दिनांक 18 जून, 2024

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय की अध्यक्षता में राजभवन में दिनांक 06.06.2024 को आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करावें :–

1. महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत 90 दिवस का रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों के सदस्यों को श्रमिक कार्ड जारी कराने हेतु श्रम विभाग से समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक संख्या में श्रमिक कार्ड जारी किए जावें।
2. श्रम विभाग से समन्वय कर आपके जिले में मनरेगा कार्यस्थलों पर श्रम विभाग के शिविर आयोजित करावें एवं 90 दिवस का रोजगार प्राप्त करने वाले मनरेगा परिवारों के सदस्यों के श्रमिक कार्ड जारी करवाकर उन्हें श्रम विभाग एवं अन्य विभागों की योजनाओं का लाभ प्रदान कराया जावे।
3. मनरेगा योजना में जॉबकार्ड पूरे परिवार का बनाया जाता है जबकि श्रम विभाग द्वारा व्यक्तिगत आधार पर श्रमिक कार्ड बनाया जाता है। अतः इसके लिए श्रमिक परिवारों को प्रेरित किया जावे कि प्रत्येक परिवार में कम से कम एक सदस्य द्वारा वर्ष में 90 दिवस का रोजगार पूर्ण किया जावे, ताकि उसे श्रमिक कार्ड जारी किया जाकर श्रम विभाग व अन्य विभागों की योजनाओं का लाभ दिया जा सके।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

(टीना डाबी)
आयुक्त, ईजीएस

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, अति. मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, जयपुर, राजस्थान।
3. निजी सचिव, श्रम आयुक्त एवं सदस्य सचिव, राजस्थान।
4. निजी सचिव, आयुक्त, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर द्वारा प्रेषित पत्र क्रमांक 18147–52 दिनांक 27.06.2024 के क्रम में।
5. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, समस्त राजस्थान।

RajKaj Ref
8592628

Signature valid
Digitally signed by Tina Dabi
Designation: Commissioner
Date: 2024.07.03 1?:22:22 IST
Reason: Approved

Scanned with CamScanner